
हो सके साथ ही इसके चारों ओर अरंडी जैसी शीघ्र बढ़ने वाली झाड़ियाँ लगा देनी चाहिये। गड्ढे का आकार, उपलब्ध गोबर–फसल अवशेष के अनुसार इतना बनाना चाहिये ताकि गड्ढा 5–7 दिन में भर जाये। इस प्रकार कई गड्ढे बनाने चाहिये।

जैविक खाद के निर्माण हेतु भरने वाली सामग्री में निम्न बातें ध्यान रखनी चाहियें

1. सामग्री में जितनी विविधता होगी उतनी ही खाद की गुणवत्ता अच्छी होगी अर्थात् विभिन्न फसलों के अवशेष, खरपतवार (जिन्हें पशु नहीं खाते हैं), पत्ते, गोबर आदि सभी का खाद के निर्माण में प्रयोग किया जाना चाहिये। फसल अवशेष को 5–7 से.मी. आकार के टुकड़ो में काट लेना चाहिये ताकि उनका विघटन शीघ्र हो सके।
2. खाद के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले पदार्थ में कार्बनःनाइट्रोजन अनुपात ठीक रखने के लिये पत्तियों का प्रयोग अधिक करना चाहिये साथ ही धमासा, सणियाँ, नीम, आँक आदि की पत्तियों और कोमल शाखाओं का उपयोग अवश्य करना चाहिये।
3. उपरोक्त कचरे, गोबर (गीला) व मिट्टी (यदि गाय के मलमूत्र युक्त मिट्टी मिलें तो अच्छा रहेगा) को 70:20:10 के अनुपात में मिलाकर /परत बनाकर गड्ढे को भरना चाहिये और इसके बाद गीली मिट्टी की परत से ढक देना चाहिये। मिश्रण को गीला करने में गौ मूत्र का उपयोग करने से खाद की ताकत बढ़ जाती है।
4. गर्मियों में 10–15 दिन बाद व सर्दियों में 20–30 दिन बाद एक बार उपरोक्त मिश्रण को उलट–पलट करना चाहिये, और पुनः मिट्टी से ढक देना चाहिये।

पकने पर जैविक खाद का रंग गहरा भूरा हो जाता है, दुर्गन्ध समाप्त हो जाती है तथा सम्पूर्ण मिश्रण चाय की पत्ती जैसे पदार्थ में बदल जाता है। पूर्णतः पक जाने पर खाद को गड्ढे से निकालकर तथा ट्राइकोडर्मा नामक फफूंद नियत्रंक (सूक्ष्म जीव) के 10 किलोग्राम (मूल्य रूपये 100/– प्रति किलोग्राम) प्रति टन खाद में मिलाकर 5–6 दिन छाया में रखते है तथा उसके बाद इस खाद को बुवाई से 7–10 दिन पूर्व खेत में मिला देते है। बारानी फसलों में 5–6 टन खाद/हैक्टर/वर्ष प्रयोग करना ठीक रहता है। इस सम्पूर्ण जैविक खाद के प्रयोग से फसलों को संतुलित पोषण मिलता है। जैविक खाद का संतुलित प्रयोग करने से भूमि की जलधारण क्षमता बढ़ती है जो फसल की बढ़वार में सहायक होती है।




जैविक खाद बनाने की विधि

**खरपतवार नियंत्रणः** खरपतवार नियंत्रण के लिये पकी हुई जैविक खाद व साफ बीज का प्रयोग करना चाहिये। खेत में उगे खरपतवारों को हाथ से उखाड़कर फसल की पंक्तियों के बीच मल्व के रूप में बिछा देना चाहिये।

**रोग–कीट नियंत्रणः** रोग–कीट नियंत्रण के लिये निम्न उपायों का समन्वित प्रयोग करना चाहियेः

1. स्वस्थ, रोग–कीट रहित बीज का चयन कर 4–6 ग्राम ट्राइकोडरमा पाऊडर से प्रति किलो बीज को उपचारित कर बुवाई करनी चाहिये।
2. अच्छी पकी हुई जैविक खाद का प्रयोग 5.0 टन प्रति हैक्टेयर की दर से भूमि तैयारी के समय करना चाहिये।
3. खेत के आसपास या गाँव में उपलब्ध नीम के वृक्षों की पकी हुई निम्बोली पानी में भिगोकर

